# *अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में जमाराशियों की अभिरचना का संयोजन और स्वामित्व : मार्च 2012**

*इस लेख में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) 2006 से 2012 के दौरान बकाया जमाराशियों की अभिरचना के संयोजन और स्वामित्व का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है. इस प्रयोजन के लिए, जमाराशियों की अभिरचना के स्वामित्व सबंधी आंकड़े वर्ष 2006-10 की अवधि के नमूना सर्वे के अनुमानों से लिये गए हैं तथा मार्च 2012[1] के अंत के जनगणना सर्वे के आंकड़ों का भी उपयोग किया गया है. यह विश्लेषण उक्त अवधि में सभी प्रकार के जमाखातों, संस्थागत क्षेत्रों, जनसंख्या समूहों तथा बैंक समूहों की जमाराशियों की प्रवृत्ति को सामने लाता है.*

## *मुख्य बातें*

- मार्च 2012 में कुल जमाराशियों में चालू, बचत तथा मीयादी जमाराशियों का हिस्सा क्रमशः 10.8, 25.5 तथा 63.6 प्रतिशत था. मीयादी जमाराशियों के हिस्से में मार्च 2010 के बाद फिर से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखाई दी.
- 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार कुल जमाराशियों में सबसे बड़ा 58.1 प्रतिशत हिस्सा घरेलू जमाराशियों का था, इसके बाद सरकारी और निजी क्षेत्र का नंबर आता है, जिनका प्रत्येक का हिस्सा 14.6 प्रतिशत था.
- महानगरीय शाखाओं में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सबसे अधिक जमाराशियां जुटाना जारी रहा जो मुख्यतः मीयादी जमाराशियों के रूप में जुटाई गईं. शहरी और अर्धशहरी शाखाओं द्वारा जुटाई गई जमाराशियों में भी यही बात दिखाई दी. इसके विपरीत, ग्रामीण शाखाओं में बचत जमाराशियों का हिस्सा मीयादी जमाराशियों के हिस्से से कुछ अधिक रहा.
- बैंक समूहवार, मार्च 2012 में कुल जमाराशियों में सरकारी क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा सबसे ज्यादा (74.6 प्रतिशत) था. उसके बाद निजी क्षेत्र के बैंकों (18.2 प्रतिशत) का नंबर था. विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का हिस्सा क्रमशः मात्र 4.3 तथा 2.9 प्रतिशत था.

## *भूमिका*

जमाराशियों के स्वामित्व की अभिरचना संबंधी आंकड़े बेसिक सांख्यिकी रिपोर्टों (बीएसआर-4) के माध्यम से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा शाखा स्तर के रिपोर्ट किए गए आंकड़ों से लिये जाते हैं. ये आंकड़े बकाया जमाराशियों की 31 मार्च की स्थिति दर्शाते हैं जिन्हें जमाकर्ताओं के विभिन्न संस्थागत संवर्गों (घरेलू, सरकारी, निजी कंपनियां-गैर-वित्तीय, वित्तीय तथा विदेशी) के अनुसार जमा खातों के विविध प्रकार जैसे चालू, बचत तथा मीयादी जमा में वर्गीकृत किया गया है. ये आंकड़े सभी जनसंख्या समूहों तथा प्रमुख बैंक समूहों (सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र के बैंक तथा विदेशी बैंक) की प्रवृत्तियों के विश्लेषण में भी सहायता करते हैं.

2. अब तक, विभिन्न जनसंख्या एग्रीगेट्स का अनुमान लगाने के लिए चयनित नमूना शाखाओं के इसी प्रकार के आंकड़े स्ट्रेटीफाइड सेंपलिंग विधि का प्रयोग करते हुए एकत्रित किये जाते थे. वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से वाणिज्य बैंकिंग के शाखा नेटवर्क में विस्तार के कारण यह उचित समझा गया कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों की अभिरचना और स्वामित्व के संयोजन पर जनगणना अध्ययन किया जाए ताकि हाल की अवधि में बैंकों की जमाराशियों के संस्थागत हिस्से में हाल में जो परिवर्तन हुए हैं, उन्हें समझा जा सके और उनका मूल्यांकन किया जा सके. तद्नुसार, मार्च 2012 का सर्वे जनगणना के आधार पर किया गया और जो परिणाम सामने आए, वे 2006 से चली आ रही पिछली अनुमानित प्रवृत्ति से

---

* सांख्यिकी तथा सूचना प्रबंध विभाग के बैंक शाखा सांख्यिकी प्रभाग द्वारा तैयार किया गया.

[1] मार्च 2012 के विस्तृत आंकड़े भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट URL:htpp://www.rbi.org.in पर उपलब्ध हैं. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों की अभिरचना तथा स्वामित्व के संयोजन से संबंधित सर्वे भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के विभिन्न अंकों में प्रकाशित किए गए हैं, नवीनतम सर्वे नवंबर 2011 अंक में प्रकाशित किया गया है. बीएसआर-4 सर्वे 1976 से द्विवार्षिक रूप से किया जाता था, जिसे मार्च 1990 के पिछले दौर से वार्षिक कर दिया गया है : 1976 और 1982 के सर्वे जनगणना आधारित थे. मार्च 2012 के आंकड़े नमूना सर्वे के पिछले दौर की तुलना में जनगणना आधार पर एकत्रित किये गए हैं.


मेल खाते हैं. बकाया कुल जमाराशियों संबंधी बैंकवार आंकड़ों का मूल्यांकन भी 31 मार्च 2012 की तिमाही बीएसआर-7 में रिपोर्ट की गई बकाया कुल राशियों से किया गया.

3. यह लेख जमा खातों के प्रकार (चालू,बचत तथा मीयादी जमाराशियां) संबंधी प्रवृत्तियों तथा संयोजन की संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत करता है. संस्थागत क्षेत्रों के जमाराशियों के स्वामित्व के संयोजन का विश्लेषण जनसंख्या समूहों के अनुसार जमाराशियों के संयोजन भाग में किया गया है. इसके बाद, विभिन्न संस्थागत जमाकर्ताओं की वरीयता के बैंक-समूहवार विश्लेषण पर चर्चा की गई है. 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार बैंक जमाराशियों के राज्यवार संयोजन को भी संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है.

## *जमाराशियों के प्रकार के अनुसार बैंक जमाराशियों की अभिरचना*

4. मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के पास कुल जमाराशियों[2] की अभिरचना से यह संकेत मिलता है कि कुल जमाराशियों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा मीयादी जमाराशियों का और उसके बाद एक-चौथाई हिस्सा बचत जमाराशियों का था (चार्ट 1)

**चार्ट 1 : जमाराशियों के प्रकार के अनुसार बैंक जमाराशियों की अभिरचना की प्रवृत्ति - 2006-12**
(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)




[2] इनमें अंतर-बैंक जमाराशियां शामिल हैं।

5. हाल की अवधि में बचत जमाराशियों का हिस्सा लगभग 25.5 प्रतिशत बना रहा तथा मीयादी जमाराशियों के हिस्से में कम वृद्धि हुई. इसके विपरीत, चालू खाता शेष में 2008 और उसके बाद से गिरावट आई, जिससे विभिन्न प्रकार के जमाकर्ताओं द्वारा सावधानीपूर्वक बचत करने के व्यवहार का पता चलता है.

6. यद्यपि, अपने तीन मुख्य घटकों सहित कुल जमाराशियां 2006 से 2012 के दौरान लगभग उच्च स्तर पर बनी रहीं, तथापि 2007 के बाद से कुल जमाराशियों में गिरावट आई (सारणी 1). ऐसा प्रतीत होता है कि जमाराशियों की वृद्धि और संयोजन में भी प्रचलित मीयादी जमा दरों से तदनुरूपता बनी रही.

मार्च 2010 के अंत में, बचत जमाराशियों में तीव्र वृद्धि हुई (पिछले चार वर्षों में देखी गई 17-21 प्रतिशत की तुलना में 31 प्रतिशत). मीयादी जमा दरों में कुछ कमी होने पर मीयादी जमाराशियों में भी तद्नुरूपी कमी आई. वर्ष 2010-12 के दौरान ब्याज दरों में वृद्धि होने के कारण मीयादी जमाराशियों में कुछ वृद्धि होनी शुरू हुई.

**सारणी 1 : खाते के प्रकार के अनुसार जमाराशियों की प्रवृत्ति**

(बकाया राशि बिलियन रुपये में तथा वृद्धि प्रतिशत में)

| खाते का प्रकार (31 मार्च) | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012[3] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चालू जमाराशियां | 2,851 | 3,357 | 4,492 | 4,865 | 5,788 | 6,950 |
| | (27.5) | (17.8) | (33.8) | (8.3) | (19.0) | (9.6) |
| बचत जमाराशियां | 5,710 | 6,709 | 7,858 | 9,396 | 12,312 | 16,356 |
| | (20.9) | (17.5) | (17.1) | (19.6) | (31.0) | (15.3) |
| मीयादी जमाराशियां | 13,049 | 16,933 | 20,836 | 26,136 | 30,263 | 40,803 |
| | (19.7) | (29.8) | (23.0) | (25.4) | (15.8) | (16.1) |
| कुल जमाराशियां(**) | 21,610 | 26,999 | 33,186 | 40,397 | 48,364 | 64,110 |
| | (21.0) | (24.9) | (22.9) | (21.7) | (19.7) | (15.1) |
| ***मेमो:*** | | | | | | |
| कुल बकाया जमाराशियां[4] | 20,930 | 25,988 | 32,288 | 39,373 | 46,019 | 61,741 |
| मीयादी जमा दर (1 वर्ष से >)[5] | 6.00-7.00 | 7.50-9.00 | 8.25-9.00 | 7.75-8.75 | 6.00-7.50 | 8.50-9.25 |

**टिप्पणी :** कोष्ठकों में दिये गए आंकड़े वार्षिक वृद्धि दरें दर्शाते हैं.
(**) अंतर-बैंक जमाराशियों सहित.

[3] स्ट्रेटिफाइड सेंपलिंग विधि पर आधारित मार्च 2012 के अनुमान पिछले वर्ष के अनुमानों से तथा मार्च 2012 के जनगणना आंकड़ों से साम्य नहीं रखते, अतः इन्हें इस अध्ययन में विचार में नहीं लिया गया.


[4] इनमें अंतर-बैंक जमाराशियां शामिल नहीं हैं (स्रोत तिमाही बीएस आर-7 विवरणी).

[5] प्रमुख बैंकों की मीयादी जमा दरें (स्रोत : वीकली स्टेटिस्टिकल सप्लीमेंट, भारिबैं).

## *बड़े संस्थागत क्षेत्रों द्वारा जमाराशियों के स्वामित्व की अभिरचना*

7. संस्थागत स्वामित्व के अनुसार जमाराशियों की अभिरचना में अधिकांश हिस्सा घरेलू जमाराशियों का है, उक्त अवधि में इनका कुल जमाराशियों में लगभग 58 प्रतिशत हिस्सा कमोवेश लगातार बना हुआ है (चार्ट 2). कुल जमाराशियों में गैर-वित्तीय निजी कंपनियों का हिस्सा 2006-12 की अवधि के दौरान धीरे-धीरे 10.1 प्रतिशत से बढ़ कर लगभग 14.6 प्रतिशत पर पहुंच गया. लेकिन, सरकार और वित्तीय क्षेत्र का हिस्सा क्रमशः 13.5-14.6 प्रतिशत और 8.9-10.5 प्रतिशत के बीच बना रहा. विदेशी क्षेत्र का हिस्सा 31 मार्च 2006 के हिस्से से घट कर आधा (7.3 प्रतिशत) रह गया.

**चार्ट 2 : बैंक जमाराशियों के स्वामित्व के संयोजन की प्रवृत्ति 2006-2012**
(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)




हाल की 2010-12 की अवधि में सरकारी क्षेत्र के हिस्से में जो 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वह मुख्यतः विभागीय उपक्रमों तथा सरकारी क्षेत्र की कंपनियों की जमाराशियों में उच्चतर वृद्धि के कारण हुई. वित्तीय निकायों के हिस्से में गिरावट अंतर-बैंक जमाराशियों में कम वृद्धि के कारण हुई.

**सारणी 2 : प्रमुख संस्थागत क्षेत्रों द्वारा कुल जमा की गई राशियां**

(राशि बिलियन रुपये में तथा वृद्धि प्रतिशत में)

| प्रमुख संस्थागत क्षेत्र | मार्च-06 | मार्च-07 | मार्च-08 | मार्च-09 | मार्च-10 | मार्च-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I. सरकारी क्षेत्र | 3,120<br>(19.6) | 3,907<br>(25.2) | 4,478<br>(14.6) | 5,652<br>(26.2) | 6,551<br>(15.9) | 9,361<br>(19.5) |
| *जिसमें से,* केंद्र सरकार और राज्य सरकारें | 1,032<br>(16.2) | 1,301<br>(26.1) | 1,786<br>(37.3) | 2,354<br>(31.9) | 3,068<br>(30.3) | 4,565<br>(22.0) |
| सरकारी कंपनियां | 1,035<br>(23.2) | 1,238<br>(19.6) | 1,314<br>(6.2) | 1,879<br>(43.0) | 1,879<br>(0.0) | 3,017<br>(26.7) |
| II. निजी कंपनी क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 2,181<br>(41.0) | 3,035<br>(39.1) | 4,322<br>(42.4) | 5,867<br>(35.7) | 7,137<br>(21.6) | 9,384<br>(14.7) |
| *जिसमें से,* गैर-वित्तीय कंपनियां | 1,836<br>(78.9) | 2,478<br>(35.0) | 3,293<br>(32.9) | 4,862<br>(47.7) | 5,191<br>(6.8) | 6,210<br>(9.4) |
| III. वित्तीय क्षेत्र | 2,098<br>(51.5) | 2,825<br>(34.6) | 3,429<br>(21.4) | 3,580<br>(4.4) | 4,820<br>(34.7) | 6,019<br>(11.7) |
| *जिसमें से,* बैंक | 776<br>(77.6) | 1,123<br>(44.7) | 1,191<br>(6.1) | 1,578<br>(32.5) | 2,348<br>(48.8) | 2,652<br>(6.3) |
| अन्य वित्तीय संस्थाएं | 922<br>(39.1) | 1,181<br>(28.1) | 1,306<br>(10.6) | 1,085<br>-(16.9) | 1,346<br>(24.0) | 1,548<br>(7.2) |
| अन्य वित्तीय कंपनियां | 400<br>(40.4) | 521<br>(30.2) | 932<br>(79.0) | 916<br>-(1.7) | 1,127<br>(23.0) | 1,819<br>(27.1) |
| IV. घरेलू क्षेत्र | 12,644<br>(16.7) | 15,497<br>(22.6) | 19,280<br>(24.4) | 23,552<br>(22.2) | 28,049<br>(19.1) | 37,249<br>(15.2) |
| V. विदेशी क्षेत्र | 1,567<br>(5.7) | 1,736<br>(10.8) | 1,677<br>-(3.4) | 1,747<br>(4.2) | 1,807<br>(3.4) | 2,097<br>(7.7) |
| **कुल जमाराशियां** | **21,610<br>(21.0)** | **26,999<br>(24.9)** | **33,186<br>(22.9)** | **40,397<br>(21.7)** | **48,364<br>(19.7)** | **64,110<br>(15.1)** |

**टिप्पणी :** कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े वार्षिक वृद्धि दर दर्शाते हैं. मार्च 2011 के अनुमानों का उपयोग नहीं किया जा सका क्योंकि वे मार्च 2012 के जनसंख्या आंकड़ों से साम्य नहीं रखते. वर्ष 2012 की वार्षिक वृद्धि दरें वर्ष 2010 की वार्षिक वृद्धि दरें हैं.

**सारणी 3 : घरेलू जमाराशियों के घटक**

(31 मार्च की स्थिति के अनुसार राशि बिलियन रुपये में तथा हिस्सा प्रतिशत में)

| घटक | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. व्यक्तिगत (हिंदू अविभाजित परिवारों सहित) | 10,139<br>(80.2) | 12,018<br>(77.6) | 14,954<br>(77.6) | 18,732<br>(79.5) | 21,843<br>(77.9) | 28,660<br>(76.9) |
| 2. न्यास, संघ, क्लब आदि | 452<br>(3.6) | 717<br>(4.6) | 810<br>(4.2) | 954<br>(4.0) | 972<br>(3.5) | 1,346<br>(3.6) |
| 3. स्वामित्व तथा भागीदारी संस्थाएं | 800<br>(6.3) | 914<br>(5.9) | 1,103<br>(5.7) | 1,376<br>(5.8) | 1,569<br>(5.6) | 1,899<br>(5.1) |
| 4. शैक्षणिक संस्थान | 196<br>(1.5) | 261<br>(1.7) | 286<br>(1.5) | 283<br>(1.2) | 261<br>(0.9) | 342<br>(0.9) |
| 5. धार्मिक संस्थाएं | 70<br>(0.6) | 95<br>(0.6) | 85<br>(0.4) | 77<br>(0.3) | 52<br>(0.2) | 40<br>(0.1) |
| 6. अन्य (जो अन्य कहीं वर्गीकृत नहीं हैं) | 986<br>(7.8) | 1,492<br>(9.6) | 2,043<br>(10.6) | 2,130<br>(9.0) | 3,352<br>(12.0) | 4,962<br>(13.3) |
| **कुल घरेलू क्षेत्र** | **12,644<br>(100.0)** | **15,497<br>(100.0)** | **19,280<br>(100.0)** | **23,552<br>(100.0)** | **28,049<br>(100.0)** | **37,249<br>(100.0)** |

**टिप्पणी** : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े हिस्सा दर्शाते हैं. मार्च 2011 के अनुमानों का उपयोग नहीं किया जा सका क्योंकि वे मार्च 2012 के जनगणना आंकड़ो से साम्य नहीं रखते.

8. वर्ष 2006-12 के दौरान कुल जमाराशियों में घरेलू, व्यक्तियों (हिंदू अविभाजित परिवारों सहित) का हिस्सा सबसे बड़ा अर्थात् 77 से 80 प्रतिशत के बीच था, उसके बाद स्वामित्व तथा भागीदारी फर्मों का हिस्सा (5 से 6 प्रतिशत) तथा न्यासों और संघों का हिस्सा (3.5 से 4.6) था (सारणी 3).

9. वर्ष 2010 -12 में, विभिन्न प्रकार की जमाराशियों के संस्थागत स्वामित्व की अभिरचना से यह इंगित होता है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल बकाया जमाराशियों में घरेलू जमाराशियों का हिस्सा सबसे बड़ा है. साथ ही, सभी तीनों प्रकार की जमाराशियों अर्थात् चालू, बचत और मीयादी जमाराशियों में भी इनका हिस्सा सबसे ज्यादा है (सारणी 4). घरेलू जमाराशियों का बचत जमाराशियों में 80 प्रतिशत से अधिक तथा मीयादी जमाराशियों में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है. वर्ष 2010-12 में, जहां तक चालू जमाराशियों का प्रश्न है, गैर-वित्तीय निजी कंपनी क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है, उसके बाद सरकारी क्षेत्र का नंबर आता है. लेकिन, 2010-12 के दौरान, कुल चालू जमाराशियों में गैर-वित्तीय निजी कंपनी क्षेत्र का हिस्सा कम हुआ. ऐसा मुख्यतः वित्तीय क्षेत्र के हिस्से में वृद्धि होने की वजह से हुआ.

10. वर्ष 2006 से 2012 की अवधि में, सभी संस्थागत क्षेत्रों की कुल जमाराशियों में अधिकांश हिस्सा मीयादी जमाराशियों का था. गैर-वित्तीय निजी कंपनी तथा वित्तीय क्षेत्र को छोड़ कर सभी क्षेत्रों में बचत जमाराशियों का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा था. गैर-वित्तीय निजी कंपनी तथा वित्तीय क्षेत्र में बचत जमाराशियों की अपेक्षा चालू जमाराशियों का हिस्सा अधिक था (सारणी 5).

**सारणी 4 : विभिन्न प्रकार की जमाराशियों में संस्थागत स्वामित्व**

(प्रतिशत)

| जमाराशि का प्रकार क्षेत्र/वर्ष (31 मार्च को) | चालू | | बचत | | मीयादी | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2010 | 2012 | 2010 | 2012 | 2010 | 2012 | 2010 | 2012 |
| I. सरकारी क्षेत्र | 16.0 | 16.2 | 8.6 | 10.7 | 15.1 | 15.9 | **13.5** | **14.6** |
| II. निजी कंपनी क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 33.0 | 29.7 | 0.6 | 1.7 | 17.0 | 17.3 | **14.8** | **14.6** |
| III. वित्तीय क्षेत्र | 8.0 | 10.7 | 0.4 | 0.5 | 14.2 | 12.7 | **10.0** | **9.4** |
| IV. घरेलू क्षेत्र | 41.0 | 41.5 | 85.2 | 82.8 | 50.2 | 51.0 | **58.0** | **58.1** |
| V. विदेशी क्षेत्र | 2.0 | 1.9 | 5.3 | 4.2 | 3.4 | 3.1 | **3.7** | **3.3** |
| **कुल जमाराशियां** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**टिप्पणी :** मार्च 2011 के अनुमान रिपोर्ट नहीं किए जा सके क्योंकि वे मार्च 2012 के जनगणना आंकड़ों से साम्य नहीं रखते.

**सारणी 5 : विभिन्न संस्थागत क्षेत्रों द्वारा जमाराशियों का संयोजन**

(प्रतिशत)

| वर्ष (31 मार्च को) | जमाराशि का प्रकार/क्षेत्र | सरकारी क्षेत्र | निजी कंपनी क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | वित्तीय क्षेत्र | घरेलू क्षेत्र | विदेशी क्षेत्र | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2006 | चालू | 12.9 | 29.2 | 19.7 | 10.2 | 6.5 | 13.2 |
| | बचत | 11.8 | 1.3 | 2.8 | 39.0 | 20.2 | 26.4 |
| | मीयादी | 75.3 | 69.4 | 77.4 | 50.7 | 73.3 | 60.4 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2008 | चालू | 14.8 | 25.8 | 21.4 | 9.5 | 9.2 | 13.5 |
| | बचत | 14.0 | 0.8 | 1.2 | 34.8 | 26.5 | 23.7 |
| | मीयादी | 71.2 | 73.4 | 77.5 | 55.7 | 64.3 | 62.8 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2010 | चालू | 14.1 | 26.8 | 9.6 | 8.5 | 6.5 | 12.0 |
| | बचत | 16.1 | 1.0 | 1.0 | 37.4 | 36.2 | 25.5 |
| | मीयादी | 69.8 | 72.2 | 89.4 | 54.2 | 57.3 | 62.6 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| 2012 | चालू | 12.1 | 22.0 | 12.3 | 7.8 | 6.1 | 10.8 |
| | बचत | 18.7 | 3.0 | 1.4 | 36.3 | 33.0 | 25.5 |
| | मीयादी | 69.2 | 75.0 | 86.2 | 55.9 | 60.8 | 63.6 |
| | **कुल** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**टिप्पणी :** मार्च 2011 के अनुमान रिपोर्ट नहीं किए जा सके क्योंकि वे मार्च 2012 के जनगणना आंकड़ों से साम्य नहीं रखते.

## सभी जनसंख्या-समूहों की जमाराशियों के स्वामित्व की अभिरचना[6]

11. बैंक सुविधा वाले क्षेत्रों में सभी जनसंख्या-समूहों की कुल जमाराशियों के वितरण से यह पता चलता है कि कुल जमाराशियों में सर्वाधिक योगदान (2007-12 के दौरान 56-58 प्रतिशत) महानगरीय शाखाओं का, उसके बाद क्रमशः शहरी शाखाओं का(20-22 प्रतिशत), अर्ध-शहरी शाखाओं का (13-14 प्रतिशत) तथा ग्रामीण शाखाओं का (8-10 प्रतिशत) रहा (सारणी 6). कुल जमाराशियों में ग्रामीण

**सारणी 6 : सभी जनसंख्या समूहों में जमाराशियों का वितरण**

(राशि बिलियन रुपये में, वृद्धि दर और हिस्सा प्रतिशत में)

| जनसंख्या समूह/ वर्ष (31 मार्च को) | | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | राशि | 2,332 | 2,585 | 3,010 | 3,151 | 4,270 | 5,780 |
| | (वृद्धि दर) | (9.7) | (10.9) | (16.4) | (4.7) | (35.5) | (16.3) |
| | (हिस्सा) | {10.8} | {9.6} | {9.1} | {7.8} | {8.8} | {9.0} |
| अर्ध-शहरी | राशि | 3,076 | 3,653 | 4,328 | 5,488 | 6,307 | 8,664 |
| | (वृद्धि दर) | (2.1) | (18.8) | (18.5) | (26.8) | (14.9) | (17.2) |
| | (हिस्सा) | {14.2} | {13.5} | {13.0} | {13.6} | {13.0} | {13.5} |
| शहरी | राशि | 4,573 | 5,526 | 6,829 | 8,926 | 9,833 | 13,248 |
| | (वृद्धि दर) | (19.9) | (20.8) | (23.6) | (30.7) | (10.2) | (16.1) |
| | (हिस्सा) | {21.2} | {20.5} | {20.6} | {22.1} | {20.3} | {20.7} |
| महानगरीय | राशि | 11,630 | 15,235 | 19,020 | 22,832 | 27,954 | 36,417 |
| | (वृद्धि दर) | (30.6) | (31.0) | (24.8) | (20.0) | (22.4) | (14.1) |
| | (हिस्सा) | {53.8} | {56.4} | {57.3} | {56.5} | {57.8} | {56.8} |
| समस्त भारत | राशि | 21,610 | 26,999 | 33,186 | 40,397 | 48,364 | 64,110 |
| | (वृद्धि दर) | (21.0) | (24.9) | (22.9) | (21.7) | (19.7) | (15.1) |
| | (हिस्सा) | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} |

**टिप्पणी :** 2012 की वृद्धि दरें वर्ष 2010 की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दरें हैं.

[6] वर्ष 2006 से शुरू होने वाले सर्वे के लिए बैंक सुविधा वाले क्षेत्रों का जनसंख्या-समूहवार वर्गीकरण 2001 की जनगणना पर आधारित है. पूर्व के सर्वे में वर्गीकरण 1991 की जनगणना पर आधारित थे.

शाखाओं के हिस्से में 2006-09 के दौरान कमी आई थी, लेकिन उसके बाद इसमें सुधार होना शुरू हुआ. आगे,वर्ष 2010-12 में कुल जमाराशियों में जो कमी आई, वह महानगरीय शाखाओं द्वारा जुटाई गई जमाराशियों में कमी आने के कारण हुई.

12. वर्ष 2010-12 के दौरान, सभी महानगरीय, शहरी तथा अर्ध-शहरी जनसंख्या-समूहों में मीयादी जमाराशियों की अधिकता रही, बचत जमाराशियों का नंबर दूसरा रहा (चार्ट 3). लेकिन, ग्रामीण शाखाओं द्वारा जुटाई गई जमाराशियों के मामले में, बचत जमाराशि पहले तथा मीयादी जमाराशि दूसरे नंबर थीं.

13. संस्थागत क्षेत्र के संयोजन से यह पता चला कि सभी जनसंख्या समूहों में घरेलू क्षेत्र हावी रहा. समस्त जनसंख्या-समूहों में, घरेलू क्षेत्र के भीतर, व्यक्तियों (हिंदू अभिवाजित परिवारों सहित) का योगदान सबसे अधिक रहा. ग्रामीण क्षेत्र की कुल जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र का हिस्सा 80 प्रतिशत से अधिक तथा अर्ध-शहरी केंद्रों में 70 प्रतिशत से अधिक था, लेकिन महानगरीय क्षेत्रों में इसका हिस्सा अपेक्षाकृत कम लगभग 45 प्रतिशत रहा.


## ***बैंक-समूहों के अनुसार जमाराशियों के स्वामित्व का संयोजन***

14. बैंक-समूहवार, कुल जमाराशियों में सरकारी क्षेत्र के बैंकों (भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहायक बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक तथा आइडीबीआइ बैंक) का हिस्सा सबसे ज्यादा था, जिसमें 31 मार्च 2007 के 70.1 प्रतिशत से लगातार वृद्धि हुई और यह 31 मार्च 2012 को 74.6 प्रतिशत पर पहुंच गया (सारणी 7). वर्ष 2007-12 के दौरान घरेलू निजी क्षेत्र के बैंकों का हिस्सा विदेशी बैंकों में जमाराशियों की तुलना में 3.4-4.3 गुना अधिक था. वर्ष 2007-12 में कुल जमाराशियों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का हिस्सा कम रहा जो लगभग 3 प्रतिशत था।

15. मार्च 2012 में जमाराशियों के प्रकार के अनुसार वितरण पूर्व के वर्षों की भांति ही था. वर्ष 2012 में, भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों तथा राष्ट्रीयकृत और निजी क्षेत्र के बैंकों का भी यही संयोजन रहा, जिसमें मीयादी देयताओं का हिस्सा सबसे ज्यादा तथा उसके बाद बचत जमाराशियों का हिस्सा था (चार्ट 4). विदेशी बैंकों के मामले में, कुल जमाराशियों का लगभग आधा हिस्सा मीयादी जमाराशियों का था, उसके बाद चालू जमाराशियों का हिस्सा (एक-चौथाई से अधिक) था. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मामले में, कुल जमाराशियों में लगभग आधे से अधिक हिस्सा बचत जमाराशियों का था, उसके बाद मीयादी जमाराशियों का हिस्सा (लगभग दो-पंचम)था.

16. 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार, जमाराशियों के संस्थागत स्वामित्व से यह इंगित हुआ कि विदेशी बैंकों को छोड़कर सभी बैंक समूहों की कुल जमाराशियों में सबसे बड़ा

**चार्ट 3 : खाते के प्रकार - जनसंख्या समूह के अनुसार जमाराशियों की अभिरचना**
(31 मार्च की स्थिति के अनुसार)



**सारणी 7 : कुल जमाराशियों का बैंक-समूहवार वितरण**

(राशि बिलियन रुपये में, वृद्धि दर और हिस्सा प्रतिशत में)


| बैंक समूह/वर्ष (31 मार्च को) | | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2012 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंक | राशि | 5,044 | 6,071 | 7,513 | 10,020 | 10,531 | 13,598 |
| | वृद्धि दर | (17.5) | (20.3) | (23.8) | (33.4) | (5.1) | (13.6) |
| | हिस्सा | {23.3} | {22.5} | {22.6} | {24.8} | {21.8} | {21.2 |
| राष्ट्रीयकृत बैंक | राशि | 10,355 | 12,843 | 15,845 | 19,116 | 25,406 | 34,233 |
| | वृद्धि दर | (18.2) | (24.0) | (23.4) | (20.6) | (32.9) | (16.1) |
| | हिस्सा | {47.9} | {47.6} | {47.7} | {47.3} | {52.5} | {53.4} |
| क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | राशि | 764 | 817 | 961 | 1,186 | 1,474 | 1,839 |
| | वृद्धि दर | (24.6) | (7.0) | (17.6) | (23.5) | (24.2) | (11.7) |
| | हिस्सा | {3.5} | {3.0} | {2.9} | {2.9} | {3.0} | {2.9} |
| निजी बैंक | राशि | 4,284 | 5,725 | 6,960 | 8,167 | 8,550 | 11,650 |
| | वृद्धि दर | (26.9) | (33.6) | (21.6) | (17.3) | (4.7) | (16.7) |
| | हिस्सा | {19.8} | {21.2} | {21.0} | {20.2} | {17.7} | {18.2} |
| विदेशी बैंक | राशि | 1,163 | 1,543 | 1,908 | 1,907 | 2,403 | 2,780 |
| | वृद्धि दर | (43.2) | (32.7) | (23.7) | (0.0) | (26.0) | (7.6) |
| | हिस्सा | {5.4} | {5.7} | {5.7} | {4.7} | {5.0} | {4.3} |
| सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक | राशि | 21,610 | 26,999 | 33,186 | 40,397 | 48,364 | 64,110 |
| | वृद्धि दर | (21.0) | (24.9) | (22.9) | (21.7) | (19.7) | (15.1) |
| | हिस्सा | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} | {100.0} |

**टिप्पणी** : निजी क्षेत्र के बैंकों में पुराने तथा नए निजी बैंक शामिल हैं. 2012 की वृद्धि दरें वर्ष 2010 की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दरे हैं.

हिस्सा घरेलू क्षेत्र का था. विदेशी बैंकों के मामले में,सबसे अधिक जमाराशियां गैर-वित्तीय निजी कंपनी क्षेत्र की थीं (सारणी 8).

17. यह प्रतीत होता है कि विभिन्न संस्थागत खिलाड़ियों द्वारा बैंक-समूहों का चयन उनके व्यवसाय की आवश्यकताओं के अनुसार अपेक्षित लोच तथा बैंकों की ग्राहक-उन्मुख व्यवसाय नीतियों को ध्यान में रखते हुए किया गया. जहां सरकार की 92 प्रतिशत जमाराशियां सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पास थीं, वहीं गैर-वित्तीय निजी कंपनी क्षेत्र की जमाराशियां क्षेत्रीय ग्रामीण

**चार्ट 4 : जमाराशियों के प्रकार और बैंक-समूह के अनुसार जमाराशियों की अभिरचना (31 मार्च 2012 को)**



**सारणी 8 : बैंक-समूहवार जमाराशियों के स्वामित्व की अभिरचना - 31 मार्च 2012**

(राशि बिलियन रुपये में, हिस्सा प्रतिशत में)

| क्षेत्र/बैंक समूह | भास्टेबैं और उसके सहयोगी बैंक | राष्ट्रीयकृत बैंक | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | निजी क्षेत्र के बैंक | विदेशी बैंक | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I. सरकारी क्षेत्र | 2,499<br>(18.4) | 6,141<br>(17.9) | 136<br>(7.4) | 436<br>(3.7) | 149<br>(5.3) | 9,361<br>(14.6) |
| II. निजी कंपनी क्षेत्र (गैर-वित्तीय) | 1,490<br>(11.0) | 3,345<br>(9.8) | 10<br>(0.5) | 3,309<br>(28.4) | 1,230<br>(44.1) | 9,384<br>(14.6) |
| III. वित्तीय क्षेत्र | 421<br>(3.1) | 3,787<br>(11.1) | 14<br>(0.8) | 1,487<br>(12.8) | 310<br>(11.1) | 6,019<br>(9.4) |
| IV. घरेलू क्षेत्र | 8,562<br>(63.0) | 20,510<br>(59.9) | 1,675<br>(91.1) | 5,705<br>(49.0) | 797<br>(28.6) | 37,249<br>(58.1) |
| V. विदेशी क्षेत्र | 626<br>(4.6) | 451<br>(1.3) | 3<br>(0.2) | 712<br>(6.1) | 305<br>(10.9) | 2,097<br>(3.3) |
| **कुल जमाराशियां** | **13,598<br>(100.0)** | **34,233<br>(100.0)** | **1,839<br>(100.0)** | **11,650<br>(100.0)** | **2,790<br>(100.0)** | **64,110<br>(100.0)** |

**टिप्पणी :** लघु कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े हिस्से को दर्शाते हैं.

बैंकों को छोड़ कर सभी बैंक समूहों में बंटी हुई थीं. अधिकांश घरेलू जमाराशियां, विशेषकर व्यक्तियों (घरेलू क्षेत्र का सबसे बड़ा घटक) की जमाराशियां सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पास रखी गई थीं. संभवतः इसका कारण इन बैंकों का तुलनात्मक रूप से बड़ा शाखा नेटवर्क होना था.

## *राज्यों/संघ-शासित प्रदेशों के अनुसार जमाराशियों का संस्थागत स्वामित्व*[7]

18. विभिन्न राज्यों/संघशासित प्रदेशों में मार्च 2012 के अंत में जमाराशियों के स्वामित्व के अनुसार संयोजन से यह स्पष्ट होता है कि बैंक जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र की बचतें हावी थीं और विभिन्न बैंकों में इसकी मात्रा अलग-अलग थी. केंद्रीय क्षेत्र में कुल जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र का समग्र हिस्सा उच्चतम 72.9 प्रतिशत था, जिसमें विभिन्न राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों का तदनुरूपी हिस्सा 63 से 77 प्रतिशत के बीच था. इसके बाद उत्तर-पूर्वी राज्यों का नंबर आता है, जहां यह 63 से 75 प्रतिशत ग्राहकों के हिस्से के साथ 68.4 प्रतिशत था. पूर्वी क्षेत्र में 66.9 प्रतिशत (56 से 72 के बीच) तथा दक्षिणी क्षेत्र में 62.4 प्रतिशत (59 से 75 प्रतिशत के बीच)था. कुल जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र का हिस्सा उत्तरी तथा पश्चिमी क्षेत्र में कम क्रमशः 61.8 प्रतिशत (48 से 83 प्रतिशत) तथा 43.7 प्रतिशत (38 से 74 प्रतिशत) था, ये अंतर दिल्ली तथा महाराष्ट्र में घरेलू क्षेत्र का हिस्सा बहुत कम क्रमशः (47.9 प्रतिशत) तथा (38.0 प्रतिशत) होने के कारण हुआ. सात राज्यों / संघशासित प्रदेशों में अर्थात् जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दादरा और नगर हवेली, लक्ष द्वीप तथा पांडिचेरी में कुल जमाराशियों में घरेलू क्षेत्र का योगदान 75 प्रतिशत से अधिक था.

19. बीस राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में, कुल जमाराशियों में सरकारी निकायों का हिस्सा अखिल भारतीय स्तर से कम था. छह राज्यों अर्थात् महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु में कुल जमाराशियों में गैर-वित्तीय निजी कंपनी क्षेत्र का हिस्सा अखिल भारतीय स्तर की अपेक्षा अधिक था. गैर-वित्तीय निजी क्षेत्र की कुल जमाराशियों में से 81.5 प्रतिशत छह राज्यों में अर्थात् महाराष्ट्र (41.9 प्रतिशत), दिल्ली (13.8 प्रतिशत), कर्नाटक (8.1प्रतिशत), तमिलनाडु (6.4 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (6.1 प्रतिशत) तथा प.बंगाल (5.2 प्रतिशत) था. कुल जमाराशियों में विदेशी क्षेत्र की जमाराशियों का हिस्सा 32 राज्यों/संघशासित प्रदेशों के संबंध में 6 प्रतिशत से कम था. केरल, दमन और दीव तथा गोवा में कुल जमाराशियों में विदेशी क्षेत्र की जमाराशियों का हिस्सा क्रमशः 20.0 प्रतिशत,16.0 प्रतिशत तथा 12.1 प्रतिशत था.

[7] मार्च 2012 के अधिक विस्तृत आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट URL.http//www.rbi.org.in पर उपलब्ध हैं